# Ontarioकी कार्रवाई योजना: COVID-19 के लिए कदम उठाना

*Premier Ford तथा Minister Phillips ने लोगों, रोजगारों तथा नियोक्ताओं के लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य देखभाल तथा समर्थन की घोषणा की है*

**समाचार** मार्च 25, 2020

TORONTO — आज, वित्त मंत्री Rod Phillips ने जारी किया Ontario *की कार्रवाई योजना:* COVID-*19 के लिए कदम उठाना (मार्च 2020 आर्थिक और राजकोषीय अपडेट्स)।*

COVID-19 के लिए अपनी प्रतिक्रिया में सरकार की कार्य योजना, पहला कदम है, तथा इसमें स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के लिए एवं लोगों और रोजगारों के लिए सीधे समर्थन हेतु अतिरिक्त संसाधनों में $7 बिलियन शामिल किए हैं। यह लोगों तथा व्यवसायों के समर्थन के लिए टैक्स तथा अन्य आस्थगित अदायगी के माध्यम से उनके नकदी प्रवाह को बेहतर करने, रोज़गार और पारिवारिक बजट को सुरक्षित करने के लिए $10 बिलियन भी उपलब्ध कराएगी।

यह $17 बिलियन का आर्थिक समर्थन हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, समुदायों तथा अर्थव्यवस्था के आगे आने वाली किसी भी चुनौतियों का सामना करने के लिए उपयुक्त स्थान पर होने को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। प्लान में अतिरिक्त स्वास्थ्य देखभाल निवेश के भाग के रूप में एकनिष्ठ $1 बिलियन की COVID-19 आकस्मिकता निधि , के साथ-साथ अभूतपूर्व $2.5 बिलियन की आरक्षित निधि एवं बदलती हुई वैश्विक परिस्थितियों का सामना करने के लिए सतत लचीलापन प्रदान करने के लिए बढ़ी हुई $1.3 बिलियन की आकस्मिकता निधि सहित, विवेक के ऐतिहासिक स्तर शामिल हैं।

प्लान में Ontario के लोगों के स्वास्थ्य तथा कल्याण को सुरक्षित करने के लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों में $3.3 बिलियन का निवेश शामिल है।

मंत्री Phillips ने कहा, "वित्त मंत्री के रूप में मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करने की है कि हमारे अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य देखभाल के पेशेवर व्यक्तियों के पास वे संसाधन हों जिनकी उन्हें COVID-19 के प्रकोप से लड़ने के लिए जरूरत है।" "Ontario के लोग भरोसा कर सकते हैं कि हम वह सभी कुछ करेंगे जो उनके स्वास्थ्य तथा कल्याण को सुरक्षित करने के लिए अपेक्षित है। ये अतिरिक्त संसाधन दीर्घकालिक देखभाल में अस्पताल की क्षमता बढ़ाएंगे, हमारे प्रियजनों को सुरक्षित करेंगे, तथा प्रसार के वक्र को चपटा करने के लिए एवं प्रसार को धीमा करने के लिए हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों को समर्थन करेंगे।"

**स्वास्थ्य**

- COVID-19 के प्रकोप से संबंधित उभरती जरूरतों के लिए एक एकनिष्ठ $1.0 बिलियन की COVID-19 आकस्मिकता निधि हेतु प्रतिबद्ध होना।
- क्षमता संबंधी समस्याओं पर ध्यान देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रगति को गति देने के लिए $594 मिलियन, साथ ही साथ एक अतिरिक्त 1,00 प्रखर देखभाल तथा 500 महत्वपूर्ण देखभाल बेड एवं अतिरिक्त आकलन केन्द्रों के लिए $341 मिलियन सहित, अस्पताल क्षेत्र के लिए $935 मिलियन निवेश करना।
- COVID-19 की निगरानी, चौकसी, तथा लेबोरेटरी एवं घर पर टेस्टिंग का समर्थन करने, साथ ही वर्चुअल देखभाल और Telehealth Ontario (Ontario टेलीफोन स्वास्थ्य लाइन) में भी निवेश करने के लिए, सार्वजनिक स्वास्थ्य के वित्त-पोषण में $160 मिलियन तक की बढ़ोत्तरी करना।
- COVID-19 के प्रकोप से निपटने में मदद के लिए, दीर्घकालिक देखभाल के क्षेत्र में क्षमता बढ़ाने के लिए, साथ ही साथ 24/7 स्क्रीनिंग के लिए फंड की व्यवस्था करने, संक्रमण के नियंत्रण, तथा आपूर्तियों एवं उपकरण के समर्थन के लिए और स्टाफ की व्यवस्था करने हेतु $243 मिलियन का निवेश करना।
- COVID-19 से निपटने के लिए अग्रिम पंक्ति के स्टाफ को व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण तथा महत्वपूर्ण चिकित्सा आपूर्तियों की आपूर्ति करने के लिए $75 मिलियन निवेश करना।

कार्य योजना के एक भाग के रूप में, लोगों का सीधे तथा तुरंत समर्थन करने के लिए तथा रोजगार को सुरक्षित करने के लिए, राज्य ने $3.7 बिलियन की भी घोषणा की है।

मंत्री Phillips ने कहा, " इस वैश्विक महामारी के दौरान, मैं चाहता हूँ कि Ontario के लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित करें- न कि अपने रोजगार के खोने या प्रयोजनों को कैसे पूरा करेंगे इसके बारे में चिंता करें क्योंकि वे अप्रत्याशित अतिरिक्त खर्चों का सामना कर रहे हैं।" “हम Ontario में सबसे अधिक जरूरतमंद लोगों को अतिरिक्त समर्थन प्रदान करते हुए, प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को थोड़ा अधिक आरामदायक बनाने में मदद कर रहे हैं।”

COVID-19 के प्रकोप के लिए अपनी प्रतिक्रिया को मजबूत करने तथा लोगों, परिवारों, कामगारों और नियोक्ताओं को समर्थन करने के लिए सरकार के प्लान में प्रमुख पहलों में शामिल हैं:

**लोग और रोजगार**

- निजी स्कूलों में नामांकित बच्चों सहित, 12 वर्ष तक की आयु के प्रति बच्चे $200 तथा विशेष जरूरतों वालों के लिए $250 का एक-मुश्त भुगतान प्रदान करके, COVID-19 के प्रकोप के दौरान स्कूल और डेकेयर के बंद होने से संबद्ध अतिरिक्त लागतों के लिए भुगतान करने में परिवारों की मदद करना।
- निम्न-आय के वरिष्ठ लोगों को छह माह के लिए Guaranteed Annual Income System (GAINS – गारंटीयुक्त वार्षिक आय प्रणाली) भुगतान को दोगुना करने का प्रस्ताव करना।
- 2020-21 में बिजली लागत राहत कार्यक्रमों के लिए लगभग $5.6 बिलियन प्रदान करके, पात्र आवासीय, फर्म तथा छोटे व्यवसाय के उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती बिजली बिलों का समर्थन करना, जोकि *2019 बजट* प्लान की तुलना में लगभग $1.5 बिलियन अधिक है।

- इसके अलावा बिजली के उपयोग के समय की मीटर माप के बारे में चिंताओं पर ध्यान देते हुए, COVID-19 के प्रकोप के लिए उनके द्वारा कदम उठाने के कारण, दिन के समय में बढ़े हुए बिजली के उपयोग में उपभोक्ताओं का समर्थन करने हेतु, 45 दिनों के लिए एक दिन में 24 घंटे, ऑफ-पीक के रूप में ज्ञात, निम्नतम दर पर, आवासीय, फर्म तथा छोटे व्यवसाय के समय का उपयोग करने वाले ग्राहकों के लिए बिजली की कीमतें सेट करके और अधिक किफायती बिजली के बिलों का समर्थन करना।
- Employer Health Tax (EHT – नियोक्ता स्वास्थ्य टैक्स) छूट के लिए प्रस्तावित अस्थाई बढ़ोत्तरी के माध्यम से लगभग 57,000 नियोक्ताओं के लिए $355 मिलियन तक टैक्स की कटौती।
- Low-income Energy Assistance Program (LEAP – निम्न-आय ऊर्जा सहायता कार्यक्रम) के लिए पात्रता का विस्तार करके, परिवारों का उनके ऊर्जा के बिलों के लिए सीधा समर्थन करने में $9 मिलियन प्रदान करना तथा COVID-19 के प्रकोप के दौरान भुगतान न करने के कारण उनकी बिजली तथा प्राकृतिक गैस सेवाएं डिस्कनेक्ट न होने को सुनिश्चित करना।
- अग्रिम पंक्तियों में कार्यरत माता-पिता जैसे स्वास्थ्य-देखभाल कामगार, पुलिस अधिकारी, अग्निशामक तथा सुधारक अधिकारियों का समर्थन करने के लिए आपातकालीन बाल देखभाल विकल्प प्रदान करना।
- आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे लोगों को वित्तीय समर्थन प्रदान करने तथा और अधिक लोगों की बुनियादी जरूरतों जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के आपातकाल के दौरान भोजन और किराए की जरूरतों को पूरा करने के लिए, Ontario Works द्वारा नियंत्रित आपातकालीन सहायता कार्यक्रम के लिए पहुंच विस्तारित करना।
- धर्मार्थ तथा गैर-लाभकारी सामाजिक सेवाओं के संगठनों जैसे खाद्य बैंक, बेघर आश्रय, चर्च तथा आपातकालीन सेवाओं की COVID-19 का जवाब देने हेतु सक्षमता बढ़ाने के लिए $148 मिलियन तक धनराशि बढ़ाना तथा इसे सीधे Consolidated Municipal Service Managers (समेकित नगरपालिका सेवा प्रबंधक) और District Social Service Administration Boards (जिला सामाजिक सेवा प्रशासन बोर्ड) को प्रदान करना जो इस धनराशि को स्थानीय जरूरतों के अनुसार आवंटित करेंगे।
- लोगों की जेब में अधिक धनराशि छोड़कर, छात्रों के लिए Ontario Student Assistance Program (OSAP – Ontario छात्र सहायता कार्यक्रम) तथा ब्याज बढ़ोत्तरी राहत के छह महीने प्रदान करना।
- प्रस्तावित नए Corporate Income Tax Credit (कार्पोरेट आयकर क्रेडिट), Regional Opportunities Investment Tax Credit (क्षेत्रीय अवसर निवेश टैक्स क्रेडिट) के साथ रोजगार विकास में पिछड़ रहे क्षेत्रों का समर्थन करने के लिए मदद करना।
- वित्तीय जरूरत वाले शहरी स्वदेशी लोगों, तथा स्वास्थ्य देखभाल के पेशेवर लोगों और महत्वपूर्ण आपूर्तियों के दूरस्थ First Nations तक पहुंचने की लागतों के लिए आपातकालीन सहायता सहित, स्वदेशी लोगों और समुदायों के लिए $26 मिलियन का अतिरिक्त समर्थन प्रदान करना।

सरकार के प्लान में वे उपाय भी शामिल हैं जो लोगों और व्यवसायों के लिए टैक्स तथा अन्य आस्थगित अदायगियों के माध्यम से आगामी महीनों में नकदी प्रवाह को सुधारने के लिए, समर्थन में $10 बिलियन उपलब्ध कराएंगे, जिसमें शामिल हैं:

- अधिकांशतः प्रांतीय रूप से लगाए गए टैक्सों के लिए दर्ज करने तथा भुगतान करने हेतु व्यवसायों के लिए पांच महीनों की ब्याज तथा जुर्माने से राहत प्रदान करने के द्वारा $6 बिलियन उपलब्ध कराना।
- आगामी जून 30 की तिमाही के $1.8 बिलियन से अधिक के स्कूल बोर्डों के लिए शिक्षा संपत्ति टैक्स के नगरपालिका संबंधी प्रेषण,90 दिनों तक के लिए आस्थगित करने के द्वारा नगरपालिकाओं को लचीलापन मिलेगा, बदले में, स्कूल बोर्डों को उनका फंड मिलना जारी सुनिश्चित करके निवासियों तथा व्यवसायों को संपत्ति टैक्स का स्थगन मिलेगा।
- नियोक्ताओं को छह माह तक भुगतान स्थगित करने की अनुमति देकर Workplace Safety and Insurance Board (WSIB – कार्यस्थल सुरक्षा एवं बीमा बोर्ड) द्वारा $1.9 बिलियन उपलब्ध कराना।

मंत्री Phillips ने कहा, "व्यवसायों तथा लोगों के लिए बोझ कम करने हेतु हम जिम्मेदार कदम उठा रहे हैं।" "मिल कर, ये कार्रवाइयां व्यवसायों तथा लोगों के लिए इस अनिश्चितता के समय में, रोजगार सुरक्षित करने तथा परिवार के बजट में मदद करने के लिए नकदी के प्रवाह में $10 बिलियन तक उपलब्ध करा सकती हैं।"

### त्वरित तथ्य

- *मार्च 2020 आर्थिक और राजकोषीय अपडेटस* आगामी वर्ष के लिए योजना अनुमान प्रदान करता है। सरकार राज्य के राजकोषीय और आर्थिक दृष्टिकोण के नियमित अपडेट को वर्ष भर प्रदान करेगी।
- राज्य 2019-20 में $9.2 बिलियन घाटे का अनुमान लगा रहा है, जोकि *2019 बजट* के सापेक्ष $1.1 बिलियन का सुधार है। COVID-19 के प्रकोप के लिए प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप , सरकार 2020-21 में $20.5 बिलियन के घाटे की योजना बना रही है।
- Ontario की 2020-21 में आरक्षित निधि $2.5 बिलियन है जोकि अब तक के इतिहास मेंसबसे अधिक है।
- सरकार नवंबर 15, 2020 तक बहु-वर्षीय प्रांतीय बजट जारी करेगी। यह जिम्मेदार दृष्टिकोण सरकार को आर्थिक स्थिति का आकलन जारी रखने तथा सबसे हाल के और विश्वसनीय डेटा के आधार पर दीर्घकालिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना संभव करेगा।

### अतिरिक्त संसाधन

- *Ontario की कार्रवाई योजना: COVID-19 के लिए कदम उठाना (मार्च 2020 आर्थिक और राजकोषीय अपडेट्स) /*
- COVID-19 पर जानकारी

---

**मीडिया संपर्क**

**ontario.ca/finance-news**
*Disponible en français*

**Emily Hogeveen**
मंत्री का कार्यालय
647-294-6166
Emily.Hogeveen@ontario.ca

**Scott Blodgett**
संचार शाखा
416-728-9791
Scott.Blodgett@ontario.ca